विधान सभा प्रश्न

विभाग का नाम	:	बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं विद्युत
प्रश्न संख्या तारांकित	:	1087
उत्तर की तिथि	:	15.12.2018
विषय	:	एशियाई विकास बैंक से प्रस्तावित कार्य
प्रश्नकर्त्ता का नाम	:	श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)
सम्बन्धित मन्त्री	:	बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा

	प्रश्न		उत्तर
(क)	बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Asian Development Bank (A.D.B) के माध्यम से कौन - कौन से कार्य प्रस्तावित हैं तथा उनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; और		क व ख सूचना सभा पटल पर रख दी गई है।
(ख)	इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं; कितने प्रगति पर हैं; ब्यौरा कार्यवार दें?		

तारांकित प्रश्न संख्याः 1087 जो श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार) द्वारा एशियाई विकास बैंक से प्रस्तावित कार्य बारे पूछा गया है, से संबंधित सभा पटल पर रखी गई सूचनाः–

(क) हि0प्र0 ऊर्जा संचार निगम (HPPTCL) जिला कुल्लु में ADB के माध्यम से 220 के0 वी0 छरौर - बनाला विद्युत लाइन का निर्माण कर रहा है जो कि कुल्लू और बंजार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आती है। इस कार्य का ठेका 52.80 करोड़ रुपये में दिया गया है। इसके अलावा हि0प्र0 ऊर्जा निगम (HPPCL) की सैंज जल विद्युत परियोजना (100MW) भी बंजार विधान सभा क्षेत्र में प्रस्तावित थी, जो आरम्भ हो चुकी है। 4 सितंबर, 2017 के बाद से इस परियोजना के अंतर्गत वाणिज्यक संचालन/विद्युत उत्पादन का कार्य आरम्भ हो चुका है। इस परियोजना के लिए 732.44 करोड की धनराशि स्वीकृत हुई थी।

(ख) 220 के0 वी0 छरौर - बनाला विद्युत लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसका 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त सैंज जल विद्युत परियोजना (100 मै0 वा0) दिनांक 04.09.2017 के बाद से वाणिज्यक संचालन के अधीन है। इस परियोजना की कमिशनिंग से 565.61 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया जा चुका है।